तेरी कृपा तेरे भजन गाऊँगा

तेरी सेवा करूँ उम्र भर,
मुझपे पर रखना तू अपनी नज़र,
तेरी शरण में मेरी जिंदगी,
पल में ही जायेगी बाबा, सँवर ॥
जब तक साँसे मिली हैं,
दर पर आउंगा श्याम,
तेरी कृपा, तेरे भजन,
गाऊँगा मैं श्याम।

रूप सलौना है प्यारा तेरा,
जीने का है गुज़ारा मेरा,
सारी दुनियाँ ये कहती है,
हारे को है सहारा तेरा,
जितनी परीक्षा लेनी,
ले लो ओ मेरे श्याम,
अर्जी मेरी मर्जी तेरी,
गाऊँगा मैं श्याम.......

बेरंग सी थी मेरी जिंदगी,
साँवरे की मिली बंदगी,
तेरे दर पर जो आया प्रभु,
मजे में कटती मेरी ज़िन्दगी,
पंकज भूलूँगा कैसे,
इतना दिया है प्यार,
मर भी गया तो भी तुझे,
चाहूँगा मैं श्याम,
तेरी कृपा, तेरे भजन,
गाऊँगा मैं श्याम।
जब तक साँसे मिली हैं,
दर पर आउंगा श्याम,
तेरी कृपा, तेरे भजन,
गाऊँगा मैं श्याम........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/23357/title/teri-kripa-tere-bhajan-gauga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |